## खबर मन्त्र कार्यालय मुख्यालय में शिफ्ट



*धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय हिंदी दैनिक खबर मन्त्र की संपादकीय और रिपोर्टिंग टीम समेत सभी विभाग अब चिरौंदी, बोड़ेया रोड रांची स्थित मुख्यालय में शिफ्ट कर गया है। लाइन टैंक रोड स्थित खबर मन्त्र का नगर कार्यालय अब अन्य कार्यों के लिए उपयोग हो रहा है।*

# नेत्रदान के बाद प्रभु जगन्नाथ के हुए दर्शन, रथयात्रा आज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भगवान जगन्नाथ 15 दिनों के एकांतवास के बाद शनिवार को भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ बाहर आ गये। उनके आगमन की खुशी में शाम चार बजे नेत्रदान अनुष्ठान शुरू हुआ। एकांतवास से बाहर आने के पश्चात वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान जगन्नाथ प्रभु का नेत्रदान अनुष्ठान हुआ। 108 दीपों से भगवान की मंगल आरती, जगन्नाथ अष्टकम, गीता के द्वादश अध्याय का पाठ और भगवान की स्तुति की गयी। सुबह चार बजे से ही भक्त भगवान की पूजा के लिए कतारबद्ध होने लगे थे। रथ के ऊपर भगवान के सभी विग्रहों का श्रृंगार हुआ। इस अनुष्ठान के बाद विष्णु सहस्त्रनाम अर्चना और मंगल आरती हुई। मालपुआ सहित अन्य मिष्ठानों का भोग लगाया गया। भगवान रात नौ बजे तक भक्तों को दर्शन मंडप में दर्शन दिये और यहीं रात्रि विश्राम किये। प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा आज निकाली जाएगी जो 17 जुलाई को घुरती मेला के साथ संपन्न होगी।



## सचिवालय के जूनियर और सीनियर सहायक बदले जायेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सचिवालय के लिपिक सेवा के कनीय सचिवालय सहायक एवं वरीय सचिवालय सहायकों का स्थानांतरण-पदस्थापन किया जायेगा। लंबे समय विभिन्न विभागों में पदस्थापित इन कर्मियों के ट्रांसफर के लिए नौ जुलाई को स्थापना समिति की बैठक बुलायी गयी है, जिसमें कार्मिक, गृह, ग्रामीण विकास विभाग के पदाधिकारियों को बुलाया गया है। सूत्रों के अनुसार इस बार बड़े पैमाने पर लिपिकों का तबादला किया जायेगा। सचिवालय में इसके अलावा सचिवालय सेवा के पदाधिकारियों का भी ट्रांसफर करने की तैयारी की जा रही है। सहायक प्रशाखा पदाधिकारी प्रशाखा पदाधिकारी, अवर सचिव, उप सचिव स्तर के भी कुछ अधिकारी बदले जायेंगे। इनकी भी सूची बन रही है। इसी माह जुलाई अंत तक ट्रांसफर आदेश जारी किया जायेगा। अन्य सेवाओं में तबादले की तैयारी की जा रही है।

## खबर एक नजर में

### सिविल कोर्ट परिसर में खड़ी कार में आग

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट परिसर में एक कार में आग लग गयी।घटना शनिवार की शाम की है। प्रत्यदर्शियों ने बताया कि कोर्ट परिसर में खड़ी एक कार में अचानक से आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने पूरे कार को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गयी। मौके पर दमकल वाहन ने पहुंचकर आग पर काबू पाया।

### जेल में कैदी की आत्महत्या पर हाईकोर्ट के जज ने लिया संज्ञान, टीम ने किया निरीक्षण

**रांची।** रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में विचाराधीन कैदी सोमरा उरांव की आत्महत्या पर झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश और झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष सुजित नारायण प्रसाद ने संज्ञान लिया है। उन्होंने झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार और रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार को यह आदेश दिया हैं कि वह तत्काल टीम गठित कर बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा का निरीक्षण करें एवं मृतक के परिजनों को उचित विधिक सहायता प्रदान करें। इस निर्देश का पालन करते हुए झालसा के उप-सचिव अभिषेक कुमार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के सचिव कमलेश बेहरा खुद निरीक्षण करने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा पहुंचे। उन्होंने मौत का स्पॉट निरीक्षण किया एवं सीसीटीवी फुटेज का भी अवलोकन किया। मृतक के परिजनों को भी जानकारी दी। बता दें कि विचाराधीन कैदी सोमरा उरांव बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में शुक्रवार सुबह 4.30 बजे जेल अस्पताल के बाथरूम में गमछे के सहारे फांसी पर लटककर जान दे दी थी। वह अपनी पत्नी की हत्या के जुर्म जेल में 2017 से बंद था।

### जेसीआइ रांची के एक्सपो की तैयारी जोरों पर, श्याम अनुराग बने चीफ को-ऑर्डिनेटर

**रांची।** जेसीआई रॉंची के एक्सपो के 27वें संस्करण की तैयारी जोरों पर है। शनिवार को अध्यक्ष विक्रम चौधरी ने टीम का गठन किया। श्याम अनुराग को चीफ को-ऑर्डिनेटर मनोनित किया गया। ज्ञात हो की यह एक्सपो का 27वां संस्करण है और संघ इसे बड़े और नए रूप में करने के लिए तैयारी कर रहा है। अध्यक्ष विक्रम चौधरी ने बताया कि इस वर्ष सितंबर महीने में एक्सपो का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी जेसीआई रॉंची के प्रवक्ता अमन पोद्दार ने दी।



### सीसीएल जन आरोग्य केंद्र द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



रांची। जन आरोग्य केंद्र, सीसीएल द्वारा शनिवार को रांची के पिस्का नगड़ी स्थित आदर्श वृद्धाश्रम में नि:शुल्क रक्तचाप एवं मधुमेह सहित अन्य बीमारियों को लेकर जॉच शिविर का आयोजन किया गया। आश्रम में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 55 वृद्धों की जॉच की और डॉक्टरी सलाह दी। शिविर में विशेषकर हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, ईसीजी एवं हाइपरटेंशन का नि:शुल्क जॉच किया गया। ज्ञात हो कि सीसीएल अपने हितधारकों एवं कर्मियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए समय-समय पर ऐसा शिविर का आयोजन करते रहता है। शिविर के सफल आयोजन में डॉ. रत्नेश जैन, सीएमएस, सीसीएल; डॉ. प्रीति तिग्गा, सीएमओ, सीएसआर; डॉ. रंजित, डॉ. शशिकांत प्रसाद; डॉ. अनीता होरो; डॉ. दीपक सिंह; डॉ. तनीषा सिंह; डॉ. शिल्पी झा एवं अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## जगन्नाथपुर रथ यात्रा मेला 2024 को लेकर डीसी-एसएसपी का संयुक्त आदेश जारी

# जगन्नाथपुर रथ मेला : दो पालियों में दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी ड्यूटी क्षेत्र में रहेंगे तैनात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जगन्नाथपुर रथ यात्रा मेला 2024 के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक रांची का संयुक्तादेश निर्गत किया गया है। जो दिनांक 17 जुलाई तक घूरती मेला समाप्त होने तक लागू रहेगा। संपूर्ण मेला अवधि में विधि-व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर वरीय पदाधिकारी, दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। विधि व्यवस्था के दृष्टिकोण से दंडाधिकारियों, पुलिस की प्रतिनियुक्ति मुख्य मंदिर परिसर एवं मौसी बाड़ी मंदिर, मेला क्षेत्र, मेला गश्ती, ड्रॉप बैरियर गेट में दो पालियों में की गई है। प्रथम पाली में सुबह 6:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे और दूसरी पाली में दोपहर 2:00 बजे से रात 10:00 बजे तक की गयी है। साथ ही रथ के साथ प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी एवं आरक्षी बल को रथ के चारों ओर भीड़ को नियंत्रित रखना सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को प्रातः 06:00 बजे अपना स्थान ग्रहण करने का आदेश दिया गया है।

### 24 घंटे तैनात रहेगी मेडिकल टीम और फायर ब्रिगेड

मेला के दौरान मेला स्थल पर पर्याप्त संख्या में चिकित्सकों एवं उनके सहकर्मियों की प्रतिनियुक्ति दो पालियों में होगी। सिविल सर्जन रांची को मेडिकल टीम की आवश्यक दवाईयों के साथ प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है। साथ अग्निशमन पदाधिकारी को मेला मेला समाप्ति तक मेला स्थल में अग्निशाम गाड़ी की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है। मंदिर समिति से कहा गया है कि वो मेला का आयोजन इस प्रकार आयोजित करें कि एम्बुलेंस, अग्निशमन वाहन/विधि-व्यवस्था में लगे वाहन आदि का आवागमन सभी क्षेत्रों में बिना किसी बाधा के हो सके।

**असामाजिक तत्वों/मनचलों पर रहेगी कड़ी नजर, सादे लिबास में तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी** : मेला के दौरान असामाजिक तत्वों, मनचलों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। परिचारी प्रवर, पुलिस केन्द्र, रांची को प्रतिनियुक्ति स्थल के अलावा सादे लिबास में भी सिपाहियों को मेला मैदान में प्रतिनियुक्त करने का आदेश है, ताकि गुंडा तत्वों एवं असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सके। इसके अतिरिक्त पर्याप्त महिला पुलिस की प्रतिनियुक्ति महिला बाहुल्य क्षेत्र में करने का भी आदेश दिया गया है।

**अवैध शराब, हड़िया की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध:** मेला समाप्ति तक मेला परिसर एवं आसपास अवैध शराब, हड़िया की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध का आदेश जारी किया गया है। सहायक उत्पाद आयुक्त को मेला परिसर एवं उसके आसपास अवैध शराब हड़िया की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### मेला क्षेत्र में पड़नेवाले विद्यालय रहेंगे बंद

मेला क्षेत्र में पड़ने वाले विद्यालयों में दिनांक 17.07.2024 तक कक्षाएं बंद रहेंगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक को इसके बदले क्षतिपूर्ति कक्षाएं सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है। रथ यात्रा मेला में साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति, चलंत शौचायल, यातायात व्यवस्था, वॉच टावर एवं स्टेज की व्यवस्था आदि को लेकर भी संबंधित पदाधिकारियों को समन्वय स्थापित करते हुए व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश गया है। मेला का आयोजन प्रातः 06:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे के बीच होगा। थाना प्रभारी धुर्वा, जगन्नाथपुर यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है कि रात 9:00 बजे के बाद झूला आदि का संचालन बंद कर दिया जाए। अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, रांची एवं पुलिस अधीक्षक, नगर रथ यात्रा मेला के अवसर पर विधि-व्यवस्था के संपूर्ण प्रभार में रहेंगे।

### डीसी-एसएसपी ने रथ यात्रा के रूट का किया निरीक्षण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची में जगन्नाथपुर मेले का आयोजन रविवार से शुरू हो रहा है। रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, सिटी एसपी राज कुमार मेहता ने शनिवार को रथ यात्रा की तैयारी और मेले की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सभी ने जगन्नाथपुर मंदिर से मौसी बाड़ी तक रथ यात्रा के रूट का निरीक्षण किया। इस दौरान डीसी ने कहा कि मेले में विधि व्यवस्था के सभी इंतजाम किये गये हैं। मेले में 24 घंटे बिजली, चलंत शौचालय, पानी की व्यवस्था की गयी है। फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस की भी व्यवस्था है। एसएसपी ने कहा कि मेले में सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किये गये है। पांच वॉच टावर, सीसीटीवी लगाये गये हैं। लगभग 500 पुलिसकर्मी और मजिस्ट्रेट सुरक्षा को लेकर तैनात रहेंगे। बड़े वाहन प्रवेश ना करें, इसको लेकर जगह जगह बैरिकेडिंग की जा रही है। बता दें आज दोपहर बाद 3:30 बजे से रथ यात्रा की पूजा शुरू होगी। 5 बजे श्रद्धालु रथ को खींचकर मौसीबाड़ी ले जायेंगे।

## पॉल्ट्री फार्म में काम करने के लिए ले जाया जा रहे थे हरियाणा

# तस्कर के चंगुल से बचीं दो नाबालिग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची रेलवे स्टेशन पर मानव तस्करों की गतिविधियों को लेकर रेल पुलिस पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में आरपीएफ और नन्हें फरिश्ते की टीम ने दो नाबालिग लड़कियों को मानव तस्करों के चंगुल से बचाया। मामले में एक मानव तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है।

आरपीएफ इंस्पेक्टर दिगंजय शर्मा ने बताया कि रांची रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या दो और तीन के पास दो नाबालिग लड़कियों को एक व्यक्ति के साथ संदिग्ध स्थिति में बैठे देखा गया। दोनों लड़कियां डरी हुई दिख रही थीं, इसके बाद व्यक्ति से स्टेशन पर उसकी उपस्थिति के बारे में पूछताछ की गई, लेकिन वह किसी बात का संतोषजनक जवाब नहीं दे सका।



मामला संदेहास्पद होने के कारण तीनों को आरपीएफ पोस्ट लाया गया, जहां आरपीएफ इंस्पेक्टर और महिला पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में जब दोनों नाबालिग लड़कियों से बात की गई, तो पता चला कि उन्हें हरियाणा ले जाया जा रहा था।

**पॉल्ट्री फार्म के मालिक से तस्कर ने लिये थे 15 हजार** : आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि गिरफ्तार मानव तस्कर ने बताया कि वह उन्हें हरियाणा ले जा रहा था। बदले में उसे हरियाणा के एक पॉल्ट्री फार्म के मालिक से 15 हजार रुपये मिले थे। मुक्त कराए गए दोनों नाबालिगों से पूछताछ और हिरासत में लिए गए व्यक्ति के कबूलनामे से यह बिल्कुल स्पष्ट हो गया कि पॉल्ट्री मालिक से दलाली लेकर दोनों नाबालिगों को जबरन मजदूरी के लिए हरियाणा भेजा जा रहा था। आरपीएफ ने सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद मानव तस्कर मंसिद औरैया को सब- इंस्पेक्टर सोहन लाल ने गिरफ्तार कर लिया और उसे कोतवाली थाना के एएचटीयू को सौंप दिया गया। दोनों लड़कियों को प्रेमाश्रय भेज दिया गया है।

## विदेश में बैठे साइबर अपराधी के खिलाफ लुकआउट नोटिस

> विदेश में बैठकर झारखंड में ठगी कर रहे 12 साइबर अपराधी सक्रिय, पुलिस ने कार्रवाई को लेकर नोटिस जारी किया

**रांची।** दुबई और हांगकांग में रहकर झारखंड में ठगी करने वाले साइबर अपराधियों के खिलाफ सीआईडी ने लुकआउट नोटिस जारी किया है। सीआइडी साइबर थाना ने विदेश में छिपकर रह रहे 12 अपराधियों को लुकआउट नोटिस जारी किया है। बताया जाता है कि झारखंड में बीते कुछ महीने के दौरान हुई साइबर ठगी की घटना में विदेशी कनेक्शन सामने आया है। साइबर अपराधी विदेश में बैठकर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं।

**सीआइडी की साइबर क्राइम ब्रांच को एयर सर्विस भी करायी जा रही मुहैया** : देश के अलग-अलग हिस्सों से हाल के दिनों में साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी की गयी है। इसके लिए सीआईडी की साइबर क्राइम ब्रांच को एयर सर्विस भी मुहैया करवायी जा रही है, ताकि साइबर अपराधियों तक पहुंचने में देर ना हो। झारखंड पुलिस अब यूपी, असम, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में भी छापेमारी कर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर रही है। सीआईडी की साइबर क्राइम ब्रांच के अनुसार, विदेश में बैठकर जितनी भी ठगी की जा रही है, उनमें से अधिकांश को टेलीग्राम एप्प द्वारा अंजाम दिया जा रहा है।

## सीएम से मिलेगा सचिवालय सेवा संघ का प्रतिनिधिमंडल

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा संघ की बैठक शनिवार को हुई। बैठक में कई निर्णय लिये गए। अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद ने बताया कि संघ के आंदोलन के बावजूद कार्मिक विभाग तथा सरकार में बैठे वरीय पदाधिकारियों के नकारात्मक रवैये को देखते हुए मुख्यमंत्री से संवाद करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा अपने पिछले कार्यालय में ही सचिवालय सेवा के उप सचिव एवं संयुक्त सचिव के पद सृजन की संचिका पर अनुमोदन दिया गया है, परन्तु अब तक अंतिम आदेश निर्गत नहीं हो पाया है। ऐसे में कैबिनेट विस्तार के बाद मुख्यमंत्री से शीघ्र मुलाकात कर मामले को संज्ञान में लाया जाएगा।

### ये भी होगा प्रयास

- सभी विभागों से पद सृजन संबंधी वांछित प्रतिवेदन कार्मिक विभाग को 2 से 3 दिनों के भीतर भिजवाने का प्रयास विभागीय प्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा।
- ईसीएस के माध्यम से संघ का वार्षिक सदस्यता शुल्क जमा करने पर विचार किया गया।
- प्रशाखा पदाधिकारी सहित सभी रिक्त पदों पर एक साथ प्रोन्नति के लिए प्रयास किया जाएगा।
- विभिन्न विभागों में सचिवालय सेवा के सृजित पदों को कार्मिक विभाग के संज्ञान में लाया जाएगा।

## भाजपा की विजय संकल्प सभा : एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के साथ चला स्वच्छता अभियान

# स्वतंत्र भारत के पहले अमर बलिदानी राजनेता थे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने शनिवार को विधानसभा स्तर पर कार्यकर्ता सम्मान एवं विजय संकल्प सभा की शुरूआत की। वहीं 23 जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस से लेकर उनकी जयंती तक एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के साथ जल स्त्रोतों के स्वच्छता का अभियान चलाया गया। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 124वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि डॉ मुखर्जी अद्वितीय प्रतिभा के धनी थे। बचपन से ही मेधावी एवं प्रखर राष्ट्रवादी थे। मरांडी कहा कि सबसे कम उम्र में कोलकाता विश्वविद्यालय में कुलपति बनने का रिकॉर्ड उनके नाम दर्ज है। नेहरू मंत्रिमंडल में एक उद्योग मंत्री के रूप में सिंदरी खाद कारखाना उनकी देन है। स्वतंत्र कश्मीर में लागू दो निशान,दो प्रधान और दो विधान के खिलाफ संघर्ष करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्र भारत के प्रथम राजनेता डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी हैं।



**प्रखर राष्ट्रवादी नेता थे डॉ मुखर्जी**

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने प्रदेश कार्यालय में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि डॉ मुखर्जी प्रखर राष्ट्रवादी नेता थे। उन्होंने कभी भी राष्ट्रहित से समझौता नहीं किया। नेहरू लियाकत समझौता का विरोध हो या फिर जम्मू कश्मीर में लागू दो विधान उन्होंने इसका प्रबल विरोध किया। वे कुशल संगठन कर्ता थे। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद,के आधार पर जनसंघ के रूप में उन्होंने जो राजनीतिक संगठन की बीज बोए आज वही विशाल वट वृक्ष भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है। सिंह ने शनिवार को अरगोड़ा तालाब में स्वच्छता अभियान के तहत तालाब की सफाई भी की।

**पूरे प्रदेश में चलाया गया स्वच्छता अभियान** : शनिवार को पूरे प्रदेश में पार्टी द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, प्रदेश के पार्टी सांसद, विधायक प्रदेश पदाधिकारी शामिल हुए। प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने खिजरी तालाब, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू कुचू तालाब, डॉ प्रदीप वर्मा टाटी सिल्वे तालाब की सफाई की।

इस अवसर पर विकास प्रीतम, नवीन जायसवाल, राकेश भास्कर, सूरज चौरसिया, शोभा यादव, सुनील साहू, उमेश साहू, अरुण झा, सुरेंद्र महतो, जैलेंद्र कुमार, वरुण साहू, केके गुप्ता, सत्यदेव मुंडा, राजू सिंह, इंद्रजीत यादव, मुनेश्वर साहू आदि शामिल थे।

## बीएयू की ओर से किये गये आरंभिक प्रयोगों में मिली सफलता

# रांची में भी सेब की खेती संभव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बीएयू में चल रहे आरंभिक प्रयोगों में संकेत मिले हैं कि अब, रांची में भी सेब की खेती हो सकती है। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में हुए आरम्भिक प्रयोगों से साबित हुआ है कि यह फल रांची में भी उगाया सकता है। बीएयू के हॉर्टिकल्चरल बायो डायवर्सिटी पार्क में फरवरी 2022 में सेब के तीन प्रभेदों- स्कॉरलेट स्पर, जेरोमिन तथा अन्ना के पौधे लगाए गए थे। अन्ना प्रभेद में इस वर्ष अच्छी संख्या में फल लगे हैं। बीएयू के इस पार्क में अन्ना प्रभेद के 18 पौधे लगे हैं। गत वर्ष भी इसमें कुछ फल लगे थे किंतु अन्य दो प्रभेदों में कोई भी फलन नहीं हुआ। पिछले 2 वर्ष की अवधि में अन्ना प्रभेद का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा और इसके पौधों का बेहतर विकास हुआ। सभी पौधे डॉ वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, सोलन, हिमाचल प्रदेश से लाये गये थे।



बायोडाइवर्सिटी पार्क के प्रभारी वैज्ञानिक डॉ अब्दुल माजिद अंसारी ने बताया कि यह पायलट प्रयोग इन सेब प्रभेदों की फलन क्षमता की जांच के लिए चलाया गया। अन्ना प्रभेद रांची की मिट्टी एवं आबोहवा में फल देने में समर्थ है। उन्होंने कहा कि इसकी गुणवत्ता, स्वाद, प्रति हेक्टेयर उपज तथा इस क्षेत्र के लिए पैकेज आफ प्रेक्टिसेज के बारे में समुचित प्रयोग एवं अध्ययनों के पश्चात ही इस क्षेत्र में इसकी व्यावसायिक खेती के लिए अनुशंसा दी जा सकती है।

उन्होंने बताया कि सेब की सफल खेती के लिए ऊपरी भूमि की अच्छी जल निकासी वाली बलुवाई, दोमट मिट्टी और सिंचाई व्यवस्था आवश्यक है। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एससी दुबे ने वानिकी संकाय के डीन डॉ एमएस मलिक और अनुसंधान निदेशक डॉ पीके सिंह ने सुझाव दिया कि झारखण्ड में सेब की व्यावसायिक खेती की संभावनाओं का पता लगाने के लिए इसके और भी प्रभेदों का आकलन करना तथा इसकी खेती से संबंधित पूरी पैकेज प्रणाली का विकास करना चाहिए।

# सरहदों की सुरक्षा के लिए प्रशिक्षित सुरक्षा प्रहरी चाहिए: हृदयानंद यादव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कांग्रेस सैनिक विभाग के प्रदेश चेयरमैन एवं कारगिल योद्धा हृदयानंद यादव ने कहा कि देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में शहीद अग्निवीरों के परिवारों को मुआवजे के मुद्दे पर झूठ बोला है और इसके लिए उनसे माफी की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी लगाकर सरहदों की सुरक्षा नहीं हो सकती, देश की सीमाओं पर प्रशिक्षित सुरक्षा प्रहरी ही चाहिए। श्री यादव शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात कर



रहे थे। श्री यादव ने कहा कि संसद में अग्निवीर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गलत और आधी-अधूरी जानकारी दी है। तेरह अग्निवीर जो शहीद हुए हैं और जो अग्निवीर सेवारत हैं यह उनका मामला है। उन्होंने कहा कि यह देश की सुरक्षा का मामला है, लेकिन देश की सुरक्षा को ही दांव पर इस सरकार ने लगा दिया हैं।

ज्ञात हो कि संसद में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था कि अग्निवीर के शहीद जवानों को एक करोड़ दिया जाता है, लेकिन ये अधूरा सच है। उन्होंने ये नहीं बताया कि अग्निवीर के शहीदों को एक करोड़ और रेगुलर को 2 करोड़ से अधिक मिलते हैं। श्री यादव ने केन्द्र सरकार से मांग की है कि अग्नीवीर को चक्र पुरस्कार, वीरता पुरस्कार लागू है कि नहीं देश के सामने सार्वजनिक किया जाए। आत्महत्या और सदिग्ध मौतों की जिम्मेवारी तय हो। अन्य अग्नि वीरों को मुआवजे का भुगतान की जानकारी सार्वजनिक किया जाए।

# झारखंड के राजनीतिक दल केवल सत्ता की चासनी चूसने का काम किया : जयराम महतो

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति द्वारा शनिवार को पंचपरगना हाई स्कूल मैदान बुंडू रांची में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में कार्यरत राजनीतिक दल राज्य में केवल सत्ता की चासनी चूसने का काम किया है। हमारे यहां के हक-अधिकार, खनिज-संपदा



को बेचने का काम किया है। ऐसे राजनीतिक दलों को झारखंड की सत्ता से दूर भगाना है। वही देवेंद्रनाथ महतो ने कहा कि हमारा संगठन शहीदों के सपनों के साकार हेतु विधानसभा चुनाव में मजबूती के साथ लड़ाई लडेगी। हमारे धमक से ही राजनीतिक दलों में हलचल मच गई है। बताते चलें कि जनसभा की आयोजन दमयंती मुंडा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में संगठन के महासचिव फरजान खान, संजय मेहता, रिजवान अंसारी, विराठ, जितेंद्र, मार्शल, सूरज महतो आदि पदाधिकारीगण मौजूद रहे। जनसभा के पूर्व जयराम महतो ने दिवडी मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना किया। एवं शहीदों के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## दिव्यम ड्रीम फाऊंडेशन ने चलाया एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** महिला औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान हेहल के परिसर में शनिवार को दिव्यम ड्रीम फाऊंडेशन के द्वार एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

संस्थान की अध्यक्ष कुमुद झा ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत 1000 हजार पौधा लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

बच्चों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया व अपने मां के नाम पौधारोपण किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ इन बी चौधरी, निदेशक केन्द्रीय तसर संस्थान नगड़ी, जे पी पांडेय, सूरज प्रकाश कुमार सहायक प्रशासक राँची नगर निगम, सौरभ केशरी सहायक अभियंता, स्नेहलता प्रिंसिपल आ. टी. आई., कुमुद झा अध्यक्ष दिव्यम ड्रीम फाउंडेशन, भावेश सिंह, जितेंद्र कुमार, श्रीनिवास, रवि मेहता नेहा सिंह, अंजलि, राजकुमार, बाबू सोना एवं सभी छात्राएं उपस्थित थी।

## वन महोत्सव का उद्देश्य पौधे लगाना और बचाने के महत्व को है फैलाना : डॉ सुनीता

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाए पौधे, बचाने का संकल्प भी लिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में मानविकी संकाय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण सह पर्यावरण जागरुकता कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कुमुद कला मेहता ने किया।

विभागाध्यक्ष डॉ सुनीता यादव ने इसकी अध्यक्षता की। इस अवसर पर डॉ सुनीता यादव ने कहा कि वन महोत्सव का उद्देश्य हमारे द्वारा वनों को उगाने और बचाने के महत्व को फैलाना है। आज वनों की अंधाधुंध कटाई के दुष्प्रभावों के बारे में जागरुकता पैदा करना है।



## नीरजा सहाय डीएवी में मना वन महोत्सव



**रांची।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में वन महोत्सव शनिवार को मनाया गया। महोत्सव के मौके पर कक्षा छठी के विद्यार्थियों ने अपने भाषण में वृक्षारोपण से होने वाले महत्व की जानकारी दी तथा वृक्षों के कटाई से होने वाले नुकसान को भी विस्तार पूर्वक बताया। कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों ने नाटक द्वारा वृक्षों से होने वाले लाभों को बखूबी बताया तथा पेड़ पौधे काटने से होने वाले दुष्परिणामों की चर्चा की।

## झारखंड स्टेट कोपरेटिव बैंक ने किया पौधरोपण



**रांची।** झारखंड स्टेट कॉपरेटिव बैंक के तत्वावधान में हिनू स्थित इंदिरा पैलेस के सभी व्यवसायिक संस्थानों के सौजन्य से शनिवार को पौधरोपण किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि अबुबक्कर सिद्धिक पी सचिव कृषि पशुपालन एवम सहकारिता विभाग झारखंड सरकार तथा विशिष्ट अतिथि विभा सिंह, चेयर पर्सन झारखंड स्टेट कॉपरेटिव बैंक उपस्थित हुए। इस अवसर पर एलआईसी, गोल शिक्षण संस्थान हिनू सहित इंदिरा पैलेस एवम आसपास के सभी वेवसायी उपस्थित रहे। झारखंड स्टेट कॉपरेटिव बैंक के इंदिरा पैलेस स्थित हिनू शाखा में सचिव कृषि पशुपालन एवम सहकारिता के अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ।

**खबर एक नजर में**

## मौलाना मुशर्रफ बने अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारी में सभी सियासी पार्टी लग गए हैं। शनिवार को समाजवादी पार्टी ने रांची के बियासी निवासी कुल हिंद फलाहुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय महासचिव सह मरकजी जमीयत उलेमा हिंद के सदस्य सह जमीयत उलेमा झारखंड के मजलिस मुंतजमा के सदस्य और जामिया अरबिया कासिमुल उलूम के प्रिंसिपल हजरत मौलाना मो मुशर्रफ आलम कासमी को झारखंड समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इससे पहले भी मौलाना मुशर्रफ झामुमो, झारखंड वनांचल कांग्रेस आदि में बड़े पदों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। समाजवादी पार्टी प्रदेश परमुख्य महासचिव मुमताज अली के अनुशंसा पर झारखंड



प्रदेश अध्यक्ष केशवर यादव उर्फ रंजन यादव ने मौलाना मुशर्रफ को प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। अध्यक्ष मनोनीत होने पर मौलाना मुशर्रफ ने कहा की हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी, पार्टी के प्रदेश परमुख्य महासचिव मुमताज अली, प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, झारखंड प्रभारी मो अरशद खान और पार्टी के तमाम लोगों का शुक्रिया अदा करते हैं। पार्टी ने जो जिम्मेदारी मुझे दी है उस पर में खरा उतरने का काम करूंगा।

## विहिप और बजरंग दल रांची महानगर रथयात्रा सेवा शिविर का हुआ शुभारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** विश्व हिन्दू परिषद-बजरंग दल रांची महानगर के द्वारा जगरनाथपुर में भगवान जगन्नाथ स्वामी (रथ यात्रा) मेले में भक्तों के दर्शनाथ सेवा शिविर का शुभारंभ शनिवार को हुआ। महानगर के सभी 16 नगरों के सैकड़ो विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी दायित्ववान कार्यकर्त्ता प्रातः 05 बजे से ही शिफ्टशः सेवा शिविर में अपना योगदान देंगे। जो भक्तों के सुलभ दर्शन ,रथ परिचालन सहित अन्य प्रबंधन में सहयोग करेंगे। बैठक में मुख्य रुप से प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत मातृशक्ति प्रमुख दीपा रानी कुंज, प्रांत सह विशेष संपर्क प्रमुख कुणाल अजमानी,किशुन झा, प्रांत मठ मंदिर प्रमुख जुगल किशोर, विभाग सह मंत्री रवि शंकर राय, विभाग प्रचार प्रसार प्रमुख अमर प्रसाद,विभाग सेवा प्रमुख पारसनाथ मिश्र, विभाग संगठन मंत्री कल्याण श्यामल, महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी, मंत्री चंद्रदीप दुबे, सहमंत्री विश्वरंजन, महानगर बजरंग दल संयोजक अंकित सिंह सहित विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विज्ञान और क्राफ्ट प्रदर्शनी आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एम एम के हाई स्कूल, बरियातु में शिनिवार को विज्ञान एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता, और नवाचार को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन हाजी मुश्ताक खान द्वारा किया गया। इस प्रदर्शनी में विभिन्न कक्षाओं के 200 से भी अधिक छात्रों ने भाग लिया और अपने अद्वितीय वैज्ञानिक मॉडलों और क्राफ्ट प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी के दौरान, विद्यार्थियों ने अपने मॉडलों और क्राफ्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उपस्थित दर्शकों के सवालों का उत्तर दिया। इसके अलावा, कार्यशालाओं और सेमिनारों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को नए वैज्ञानिक तथ्यों और तकनीकों के साथ-साथ क्राफ्टिंग के नए तरीकों से अवगत कराया गया। प्रधानाचार्य कहकशां परवीन ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का

**विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों में दिखा वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और नवचार**

मंच प्रदान करती है और उनकी वैज्ञानिक और रचनात्मक समझ को और गहरा करती है। अंत में, सर्वश्रेष्ठ परियोजनाओं और क्राफ्ट्स में अमरजीत, रेहान खान, फैजान खान, कायनात अशरफ, सनया तारीक, अनुष्का कुमारी, अल्तमश अंसारी, अंकुश कुमार दस, फरह अहमद, नफीसा परवीन, रोहित मुंडा, अनिशा रैनआई को पुरस्कृत किया गया और सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक नरगिश बानो, भुबनेश्वर मिर्धा, जीनत, संध्या कच्छप, शुंबूल, संजय महतो, निखत परवीन, नौशीन परवीन, सना परवीन, आदि का महतपूर्ण योगदान रहा।

## मारवाड़ी कॉलेज में 12 को टेलीविजन एवं रेडियो न्यूज रीडिंग कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मारवाड़ी महाविद्यालय रांची के डिजिटल फोटोग्राफी एवं फिल्म निर्माण विभाग द्वारा केवल मारवाड़ी महाविद्यालय के वैसे विद्यार्थियों के लिए, जिन्हें टेलीविजन या रेडियो पर समाचार वाचन में अपना कैरियर बनाना है या न्यूज रीडिंग / ऐंकरिंग में रुचि है। अथवा जो समाचार वाचन की बारीकियों को सीखना चाहते हैं। उनके लिए मारवाड़ी महाविद्यालय के डिजिटल फोटोग्राफी एवं फि ल्म निर्माण विभाग में आगामी शुक्रवार को 10 बजे से 01 बजे तक एक न्यूज रीडिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया है। यह जानकारी डॉ सुशील अंकन ने दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए पूर्णतः निःशुल्क है। इच्छुक विद्यार्थी दिनांक 11 जुलाई तक सुबह 9 से 11 बजे के बीच फोटोग्राफी एवं फि ल्म निर्माण विभाग में आवेदन के साथ अपने विद्यार्थी परिचय पत्र की फोटो कॉपी लगा कर रजिस्ट्रेशन अवश्य करवा लें। केवल निबंधित विद्यार्थियों को ही कार्यशाला में प्रवेश की अनुमति होगी। इस कार्यशाला में दूरदर्शन तथा रेडियो से आ रहे वरिष्ठ समाचार वाचक विद्यार्थियों को समाचार वाचन के गुर सिखाएंगे।

## श्री श्याम भंडारा भक्तिमय रंग में संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 119वां श्री श्याम भंडारा भक्तिमय रंग में सम्पन्न हुआ। पूरा मंदिर परिसर हारे के सहारे की जय खाटूनरेश की जय लखदातार की जय जयकारों से गूंज रहा था। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया एवम उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश रिद्धि सिद्धि शिव परिवार बजरंगबली लड्डू गोपाल शालिग्रामजी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, पूर्व सांसद अजय मारू, श्याम सुंदर शर्मा, अनिल ननोर्ली, मनोहर केड़िया, रौनक पोद्दार, अरविंद सोमानी ,श्याम सुंदर जोशी, अंकित सिंह, अनुज मोदी, अमित सरावगी, अभिषेक सरावगी, कौशल चौधरी सहित 50 से ज्यादा स्वयं सेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया। यह जानकारी मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

## रातू रोड में स्वागत शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर के अध्यक्ष राजेश साहू के नेतृत्व में रातू रोड में स्वागत शिविर लगा कर श्री राधा कृष्ण कमेटी के द्वारा निकाले गए कलश यात्रा में शामिल सभी भक्तो का भव्य स्वागत किया गया एवं सभी को आइसक्रीम, पेयजल एवं प्रसाद का वितरण किया गया। सभी लोग इस तरह से सभी भक्त बहुत खुश दिखे एवं सराहना किया। इस स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश साहू, राज कुमार तलेजा,



दीपक नन्दा, उर्मिला चौधरी, स्वपना चटर्जी, शुभाशीष चटर्जी, राजीव वर्मा, आकांक्षा शर्मा, कुमकुम गुप्ता आदि लोग मुख्य रूप से शामिल हुए। ये जानकारी बादल सिंह ने दिया।

## रांची के नगड़ी में स्कॉर्पियो से 206 किलो गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची पुलिस ने नगड़ी में एक स्कॉर्पियो से 206 किलो गांजा बरामद किया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लोहरदगा के रहने वाले सज्जाद अंसारी को गिरफ्तार किया है। लोहरदगा एसपी हरीश बिन जमा को मिले इनपुट पर एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर पुलिस ने शुक्रवार देर रात नगड़ी में स्कॉर्पियो से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि ओड़िशा से गांजा तस्कर स्कॉर्पियो में गांजा लोड कर लोहरदगा की तरफ जा रहे थे।

**लोहरदगा पुलिस ने गांजा तस्करों का पीछा करना शुरू किया :** जानकारी मिलने पर लोहरदगा पुलिस ने गांजा तस्करों का पीछा करना शुरू किया। इसके बाद गांजा तस्कर अपने गाड़ी लेकर रांची जाने वाले रास्ते में भागने लगे। लोहरदगा पुलिस ने तस्करों का पीछा करना जारी रखा। भागने के दौरान तस्करों की गाड़ी ने नगड़ी में एक कार को टक्कर मार दी। इसके बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गयी. लोहरदगा पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी और इसकी सूचना रांची पुलिस को दी। रांची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए स्कॉर्पियो और गांजा को बरामद कर लिया एसएसपी ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी।

**22 जुलाई से तीन दिवसीय सावन महोत्सव अग्रसेन भवन में**

## सावन महोत्सव के पोस्टर का विमोचन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अग्रवाल सभा महिला समिति के तत्वाधान मे 22 जुलाई से 24 जुलाई तक महाराजा अग्रसेन भवन मे तीन दिवसीय सावन महोत्सव का आयोजन किया गया है। सावन महोत्सव की संयोजिका अलका सरावगी ने शनिवार को संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि अग्रवाल सभा महिला समिति विगत 25 वर्षों से लगातार महिला उद्यमियों को एक मंच और उनके उत्पादों के प्रचार प्रसार के लिए यह मेला अत्यंत उपयोगी साबित हुआ है। इस वर्ष रजत जयंती के उपलक्ष्य में कुछ विशेष आयोजन भी किए जाएंगे। सावन मेले में विभिन्न राज्य एवं शहरों की आत्मनिर्भर एवं प्रसिद्ध प्रभावशाली महिलाओं की कलाकृतियां का एक मंच पर प्रदर्शन तथा कई सुंदर एवं आकर्षक चीज उपलब्ध रहेगी।

# प्राचीन भारत में मौजूद थे विश्व के श्रेष्ठ विश्वविद्यालय : प्रो अनिल सहस्त्रबुद्धे

### डीएसपीएमयू में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 123वीं जयंती पर विशेष व्याख्यान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 123वीं जयंती पर शनिवार को डीएसपीएमयू में व्याख्यान का आयोजन किया गया। विषय था, भारतीय ज्ञान परंपरा। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (नैक) के अध्यक्ष प्रो अनिल डी सहस्त्रबुद्धे और विशिष्ट अतिथि के रूप में इंडियन ऑडिट एंड अकाउंट सर्विस के डिप्टी अकाउंटेंट जेनरल अजय कुमार और झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ टीएन साहू थे।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य ने आज के संदर्भ में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को प्रासंगिक और रेखांकित करते हुए कहा कि आज भी उनकी परिकल्पना का राष्ट्र बनना बाकी है। नैक के अध्यक्ष प्रो अनिल डी सहस्त्रबुद्धे ने भारतीय ज्ञान परंपरा को विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने कहा कि आज हम जिस ज्ञान की बात करते हैं, वह हमारी विरासत है। विज्ञान की शुरूआत का श्रेय भारत को जाता है। उन्होंने आगे कहा कि प्राचीन भारत में ही विश्व के श्रेष्ठ विश्वविद्यालय थे। उन्होंने इसके उदाहरण के तौर पर नालंदा और विक्रमशिला विश्वविद्यालयों का नाम लिया। उन्होंने कहा कि आज यह काफी महत्वपूर्ण होता जा रहा है कि शिक्षकों और विद्यार्थियों के मध्य एक बेहतर संवाद का रिश्ता कायम हो। उन्होंने मानव बुद्धिमता को कृत्रिम बुद्धिमता से काफी आगे बताया। वहीं, डॉ टीएन साहू और इंडियन ऑडिट एंड अकाउंट सर्विसेज के डिप्टी अकाउंटेंट जेनरल अजय कुमार ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व से सीख लेने की बात कही। डॉ डॉ एसएम अब्बास ने कहा कि उनके जीवनवृत्त का अध्ययन करने से एक बात स्पष्ट होती है कि उनके कार्यप्रणाली में काफी संकल्पित उद्देश्य निहित रहते थे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा इकोनॉमिक एसोसिएशन बिहार द्वारा प्रकाशित न्यूज लेटर सह स्मारिका का विमोचन किया गया। मौके पर कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, डॉ शुचि संतोष बरवार, डॉ अनिल ठाकुर, डॉ रश्मि समेत सभी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# बैंक ऑफ इंडिया फील्ड महाप्रबंधक कार्यालय में कर्मचारियों के लिए खुला विभागीय जांच प्रकोष्ठ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सामाजिक समता के न्याय का अनुपालन करते हुए बैंक ऑफ इंडिया फील्ड महाप्रबंधक कार्यालय रांची ने शनिवार को अपने अध्याय में एक नया सुनहरा पन्ना जोड़ लिया। महाप्रबंधक मनोज कुमार ने कार्यालय में विभागीय जांच प्रकोष्ठ का उद्घाटन किया। इस प्रकोष्ठ की अवधारणा प्रधान कार्यालय द्वारा अपने कर्मचारियों से संबन्धित विभागीय जांच मामलों के केन्द्रीयकरण को लेकर की गई है। इस अवसर पर अपने अभिभाषण में महाप्रबंधक ने यह बताया की



यदि आप न्याय की प्रक्रिया के भागी हैं तो यह वह आशीर्वाद है जो ईश्वर ने स्वयं आपको प्रदान किया है। साथ ही उन्होने इस पर भी बल दिया कि कानून का प्रयास है कि सबको समानता का अधिकार मिले और इस कड़ी में यह एक महत्वपूर्ण कदम है कि विभागीय जांच के मामले केंद्रीकृत किए जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एस सुब्रमनियन, सी एच गोपाल कृष्ण, दीप शंकर, बीके पाण्डेय एवं शए के पाण्डेय मौजूद रहे। समस्त कार्यक्रम का संयोजन राजेन्द्र गुप्ता, मोहम्मद युसुफ चौटुपल्ली, संतोष मेहता, ओपी शर्मा तथा अरनब सेन ने किया। अंत में औद्योगिक संबंध विभाग के प्रमुख डॉ नीरज कुमार चतुर्वेदी ने सभी को धन्यवाद देते हुए यह विश्वास दिलाया कि बैंक ऑफ इंडिया के मूल्यों का वर्धन करना इस प्रकोष्ठ का एकमात्र उद्देश्य होगा।

खबर मन्त्र
**के 11 साल**

# विश्वास का पर्याय बना खबर मन्त्र

**खबर मन्त्र** अखबार के प्रकाशन को लेकर जिस प्रकार की तैयारी हमारे एमडी सर के मार्गदर्शन में हुआ उसे भूला पाना असंभव है। हम 12 वें साल में प्रवेश करते हुए उन सभी के आभारी हैं जिन्होंने खबर मन्त्र को अन्र्तकरण से स्वीकार्य किया। खबर मन्त्र परिवार ने तय किया कि उनके सपनों को, उनके उदेश्य को उस मुकाम तक पहुंचाने में कोई कोर कसर नहीं रखा जायेगा। अखबार के पहले दिन के प्रकाशन में हमलोगों एक खबर प्रकाशित की। वह खबर थी बैंकिंग सेक्टर में प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिये 60 प्रतिशत अंक स्नातक स्तर पर लाना अनिवार्य कर दिया गया था।






## प्रकाशन के 11 वर्ष

**एनके मुरलीधर**

**झारखंड** की धरती पर खबर मन्त्र पूरे हौसले के साथ छपने वाला पहला अखबार है। हमारे एमडी सह प्रधान संपादक अभय कुमार सिंह ने जो सपना देखा वह आज भी साकार हो रहा है। झारखंड जैसे राज्य के निर्माण के बाद से अब तक राज्य की पत्रकारिता को एक नयी दशा दिशा देने में खबर मन्त्र ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राज्य के सभी 24 जिलों तक राज्य के ब्यूरों और संवाददाताओं का जाल निश्चित तौर पर अखबार के अपने दायित्व का सही निर्वाह करने में सफल रहा है।

अखबार के प्रकाशन को लेकर जिस प्रकार की तैयारी हमारे एमडी सर के मार्गदर्शन में हुआ उसे भूला पाना असंभव है। उन्होंने पूरे मनोयोग से हर कार्य को स्तरीय बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। आज अबखार को सबसे बड़ी हानि हमारे एमडी सर के असामयिक निधन से हुआ। लेकिन वर्तमान निदेशिका मंजु सिंह ने तय किया कि उनके सपनों को, उनके उदेश्य को उस मुकाम तक पहुंचाने में कोई कोर कसर नहीं रखा जायेगा।

समाचार अपने लोकहित और जन संवाद के माध्यम से राज्य ही नहीं प्रदेश में अपने उदेश्यों को शत प्रतिशत सार्थक कर रहा है। अखबार के पहले दिन के प्रकाशन में हमने एक खबर प्रकाशित की। वह खबर थी बैंकिंग सेक्टर में प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिये 60 प्रतिशत अंक स्नातक स्तर पर लाना अनिवार्य कर दिया गया था। जिसे लेकर युवाओं ने अगले ही दिन राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में केन्द्र सरकार के नियम के खिलाफ प्रदर्शन किया और केन्द्र सरकार को उस नियम को वापस लेना पड़ा। पहले ही दिन शायद ही काई अखबार सुर्खियों में आता है और जन संवाद यह क्रम बढ़ा।

सरकार ने यह निर्णय वापस लिया। यह लोकप्रियता का क्रम युवाओं के साथ ऐसा चला कि हर शैक्षणिक संस्थान के सूचना पट्ट खबर मन्त्र के खबर के पट से गये। खबर मन्त्र ने विशेषकर युवाओं के पूरे राज्य में करियर और मोटिवेशन काउंसलिंग का कार्यक्रम चलाकर एक लाख से अधिक युवाओं से सीधा संवाद स्थापित किया। लेखक और विशेषज्ञों की एक बड़ी टीम खबर मन्त्र के साथ जुड़ी जिसमें एडी बाधवा, सुनील जायसवाल विकास कुमार, स्वामी मुक्तरथ, केपी सिन्हा, सीएम रंजीत सिंह, सीए गुरप्रीत कौर, शशि प्रकाश, वृजमोहन ओझा, जीवीएस शास्त्री, अविनाश कुमार, सुधांशु कुमार, राजीव गुप्ता, नागेन्द्र सिंह, पंकज कुमार, डॉ रेणु सिन्हा, का नाम प्रमुख है।

खबरों के निष्पक्ष प्रकाशन और संवाद की जन पक्षीय शैली के कारण आज अखबार का एक बड़ा प्रसंशक वर्ग पूरे राज्य में है। आज खबर मन्त्र देश में किसी पहचान का मोहताज नहीं है। आज भी समाचार पत्र जन हित के साथ पूरी ताकत से खड़ा है और लोक हित के साथ राज्य के हितों को पूरे शिद्दत से उठा रहा है उठाता रहेगा।

# दूसरों का जीवन क्यों जीना

**अनू अंबालिका**



**प्रकृति** ने दुनिया के हर मनुष्य को दूसरों से थोड़ा अलग बनाया है। किसी भी दो मनुष्य की उंगलियों के छाप आपस में नहीं मिलते। दो लोगों की आंखों की पुतली अभी एक जैसी नहीं होती। ऐसे में दो लोगों की सोच पूरी तरह से एक जैसी कैसे हो सकती है? सभी मनुष्य अपने आप में अद्वितीय हैं। सबकी अपनी विशिष्ट पहचान है। सबकी अपनी इच्छाएं और आकांक्षाएं हैं जो दूसरों से थोड़ी भिन्न होती हैं। हमें इस भिन्नता का सम्मान करना सीखना होगा।

सभी जीवों से प्रेम मनुष्य का स्वाभाविक गुण है। प्रेम से हमें अच्छा स्वास्थ्य, प्रशंसा, खुशी और मन की शक्ति प्राप्त होती है। कुछ मामले में हम प्यार की सीमा को पार भी कर जाते हैं। ऐसा तभी होता है जब हम अपने साथी से अपनी जिंदगी जीने की अपेक्षा करने लगते हैं या फिर हम उनकी जिंदगी जीने लग जाते हैं। ये दोनों अवस्थाएं ही खतरनाक हैं। आपके लिए भी और जिसे आप चाहते हैं उनके लिए भी।

यदि हम यह चाहने लगे कि कोई दूसरा व्यक्ति मेरा जीवन जीये, कोई दूसरा मनुष्य हमारी सारी समस्याएं हल कर दे तो उससे हमारा आत्मविश्वास कमजोर होता है। इस प्रकार की सोच से जीवन की चुनौतियों से लड़ने की हमारी क्षमता का ह्रास होता है। हम जहां पर होते हैं वहीं पर अटक जाते हैं। जीवन रुक जाने का नाम नहीं है। लगातार चलते जाने और प्रतिदिन कुछ न कुछ नया सीखते जाने का नाम जीवन है।आवश्यकता से अधिक दूसरों पर निर्भरता कितना खतरनाक है, इसे एक उदाहरण से समझिए। एक कार्यालय में जूनियर मैनेजर के पद पर एक सुंदर सी युवती ने योगदान दिया। कार्यालय के एक सहकर्मी ने काम सिखाने के उद्देश्य से उसका मार्गदर्शन प्रारंभ किया लेकिन उस युवती को कुछ परेशानी आई। सहकर्मी ने उसका काम खुद कर दिया। उस युवती ने सहकर्मी को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। वह फुलकर कुप्पा हो गया। फिर यह रोज का रूटीन बन गया। वह महिला कर्मी अपना सारा काम दूसरे सहकर्मी को थमा देती और दिन भर इधर-उधर घुमते रहती। गुस्से में बॉस ने उसका तबादला दूसरे कार्यालय में कर दिया। दो-तीन दिनों में उस युवती की कलाई भी खुल गई। इस तरह अनावश्यक सहयोग के कारण दोनों का कैरियर चौपट हुआ।

हम अपने जीवन में भी इस प्रकार की गलतियां प्रायः हर रोज करते रहते हैं। बच्चों को होमवर्क खुद करना चाहिएम्‍ आवश्यकता हो तो उसे होमवर्क में सहयोग देना चाहिए। लेकिन, काम जल्दी खत्म हो जाए, इस लालच में कई अभिभावक बच्चों का होमवर्क खुद ही कर देते हैं। फलतः अभिभावक पर काम का बोझ तो बढ़ता ही है, बच्चे का सही मानसिक विकास भी अवरुद्ध हो जाता है।

माता-पिता, भाई-बहन और पति-पत्नी के रिश्ते में भी कई बार ऐसा होता है। माता-पिता चाहते हैं कि जीवन में जो उपलब्धियां वह स्वयं हासिल न कर पाएँ, उनकी संतान उन उपलब्धियों को हासिल कर दिखाएं। अच्छी संतति कहलाने और अपने माता पिता को खुश करने के चक्कर में बच्चे कई बार ऐसा कैरियर चुन लेते हैं जिसमें उनकी रूचि नहीं होती है और फिर जीवन भर पछताते हैं। हमारे प्रिय जनों में से ही एक या दो की आदत किसी भी कीमत पर अपनी बात मनवाने की होती है। ऐसे लोग गुस्सा करके, रोकर, हार्ट अटैक का नाटक करके या आत्महत्या की धमकी देकर अपने मन की बात आप पर लादने का प्रयास करते हैं। ऐसे लोगों से विशेष रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है।

# क्या हुआ होगा चंद्रमुखी का?

**मनोज शर्मा**

**देवदास** पारो को खोने के गम में दारूबाजी के बाद फाइनली चंद्रमुखी के कोठे पर जाता है,या शायद दुसरे पियाक दोस्तों चुन्नीलाल वगैरह के द्वारा ले जाया जाता है। देवदास को चंद्रमुखी का ये रक्काशा वाला पेशा पसंद नहीं वो उसे हिकारत से पैसे देकर कहता है पैसे के लिये ये सब करती हो? लो पैसे। अब आगे की कथा आप सब जानते हैं। चंद्रमुखी देवदास पर आसक्त हो जाती है और देवदास भी उसमें पारो तलाशने की कोशिश में कुछ समय तक टर हो जाता है। आज कल इसे स्टैंडबाई में किसी का उपयोग करना कहते हैं अभी भी ये स्टैंडबाई यत्र तत्र दिखता है। देवदास ने चंद्रमुखी को स्टैंडबाई में यूज किया और भयंकर दारूबाजी के बाद जब बीमारी से मरने का इमकान हुआ तो वह चंद्रमुखी को छोड़ पारो के ससुराल वाले गांव में जाकर शहीद हो गया।

मेरी चिंता चंद्रमुखी को लेकर है। पारो तो ससुराल में जिंदगी काट ली होगी धन वैभव के साथ सुख सुविधा में बुढ़ा कर मर गयी होगी? लेकिन चंद्रमुखी का क्या हुआ होगा? देवदास के प्रेम में उसका रक्काशापना भी जाता रहा?

वह कहती है अगर पुनर्जन्म होता है तो वह अगले जन्म तक इंतजार करेगी। मेरा मन चंद्रमुखी को लेकर बहुत मार्मिक हो जाता है। उसका कोई दोष नहीं था, उसने एक रक्का शा होकर अमीर देवदास से प्रेम किसी और उसके चक्कर में न माया मिली न राम वाली बात हो गयी। मुझे लगता है देवदास के जाने के बाद .....उसके कमाई का साधन खत्म हो गया होगा? उसका मन कोठे पर नाचने से उचाट हुआ होगा?

उसके सारे गहने बिक गये होंगे? पैसे खत्म हो गये होंगे? उसके जानने वाले उसे बेवकूफ येरी कहे होंगे? तब म्यूचुअल फंड या एफडी भी नहीं था, ऐसा कुछ रहा भी होगा तो कोठेवालियां इसमे धन निवेश नहीं करती होंगी? चंद्रमुखी बाद में दाने दाने को मोहताज हो गयी होगी? उम्र होने पर वह बरतन मांज कर जी रही होगी? उपहास में लोग उसे मुर्ख रक्काशा कहते होंगे जो पैसा टानने के बजाय देवदास से प्रेम कर बैठी?

या हो सकता है मेरे सारे कयास गलत हों ? संभव है चंद्रमुखी सब कुछ भूलाकर जलवा रहने तक फिर से नाच गाना करके कमाई की होगी? अपना जीवन सुरक्षित की होगी? और दूसरों को बोली होगी कि,किसी देवदास सरीखे से प्रेम करने की बेवकूफी मत करना। बहुत लोचा होता है।

# चॉकलेट का इतिहास क्या है?

**कुसुम पी**



**दुनिया** में चॉकलेट डे मनाने की शुरूआत भले ही 1550 में यूरोप से हुई थी, लेकिन आज इस दिन को पूरी दुनिया में मनाया जाता है। आज दुनियाभर में चॉकलेट इस कदर पसंद की जाती है कि हर आयु वर्ग का व्यक्ति इसे खाता है। क्या बच्चे, क्या युवा और क्या बुजुर्ग, हर किसी को चॉकलेट बहुत पसंद होती है। आपको बता दें कि चॉकलेट कोको के पेड़ से बनाई जाती है। 2000 साल पहले अमेरिका के रेन फॉरेस्ट में सबसे पहले इसका पेड़ खोजा गया था। इस पेड़ की फलि?यों में जो बीज होते हैं उनसे चॉकलेट बनाई जाती है। सबसे पहले चॉकलेट बनाने वाले लॉग मैक्सिको और मध्य अमेरिका के ही थे। मैक्सिको पर स्पेन का कब्जा होने के बाद वहां का राजा भारी मात्रा में कोको के बीज और चॉकलेट बनाने वाले यंत्र लेकर स्पेन चला गया था। वहां उसने पहले चॉकलेट ड्रिंक परोसी थी, लेकिन उसके स्वाद को बेहतर बनाने के लिए इस ड्रिंग में वेनिला, चीनी और दालचीनी मिला दी। चॉकलेट से बनने वाले व्यंजन आज दुनियाभर में चॉकलेट को सिर्फ सामान्य रूप से खाने के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाता, बल्कि चॉकलेट से कई प्रकार के व्यंजन बनते हैं। चॉकलेट से कई प्रकार के केक बनाए जाते हैं, चॉकलेट सुशी, चॉकलेट नूडल, चॉकलेट मंचूरियन। इसके अलावा कई तरह की ड्रिंक, शेक और आइसक्रीम में भी चॉकलेट का इस्तेमाल होता है। चॉकलेट खाने के फायदे चॉकलेट खाना काफी फायदेमंद होता है। डॉक्टर भी कई बीमारियों से बचने के लिए चॉकलेट खाने के लिए कहते हैं। हालांकि चॉकलेट खाने के नुकसान भी हैं। आइए जानते हैं चॉकलेट खाने के फायदेः- - कई स्टडी में इसका दावा किया जा चुका है कि चॉकलेट खाने से आपका स्ट्रेस लेवल कम होता है। चॉकलेट में ऑक्सीडेटिव होता है, जो तनाव घटाने के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है।

- इसके अलावा चॉकलेट वजन कम करने में भी फायदेमंद होती है। एक शोध में यह देखा गया कि अगर नियमत रूप से चॉकलेट का सेवन किया जाए, तो इससे बॉडी मास इंडेक्स को सही रखा जा सकता है। - डार्क चॉकलेट में पाया जाने वाला पॉलीफेनोल शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है, जो छऊछ यानी बेड कोलेस्ट्रॉल को कम करने में फायदा पहुंचाते हैं।

# आखों की रोशनी बचाने वाले योगासन



**स्वामी मुक्तरथ**

आंखें हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में शामिल हैं लेकिन अक्सर हम अपनी आंखों को स्वस्थ रखने के लिए सबसे कम उपाय करते हैं। आजकल युवाओं यहां तक कि बच्चों की भी आंखें कमजोर हो रही हैं। त्राटक अभ्यास आपको अंधेपन से दूर रखने में सहायक होता है। हम आंखों के लिए ऐसे ही कुछ आसन के बारे में बता रहे हैं। हलासन पीठ के बल पर लेट जाइए। अपनी हथेलियों को शरीर के साथ फर्श पर रखिए। अब अपने पैरों को 90 डिग्री पर ऊपर की तरफ उठाएं। अपनी हथेलियों को फर्श पर टिकाए रखें और अपने पैरों को सिर के पीछे की तरफ ले जाएं। अपनी कमर को भी ऊपर उठाते हुए पैर से सिर के पीछे फर्श को छूने की कोशिश करें। इस प्रक्रिया में हाथों से अपनी कमर को सहारा देते हुए कम्फर्ट बनाए रखें और कुछ क्षण तक इस मुद्रा में रहें। कूल्हों को ऊपर उठाएं, घुटनों और कोहनियों को सीधा करें और शरीर को अंग्रेजी के 'ए' की मुद्रा में बनाएं।अपनी हथेलियों पर दबाव डालें और अपने कंधे के ब्लेड खोलें। अपनी एड़ी को फर्श पर धकेलने की कोशिश करें। 8 से 10 बार सांस लेने तक रुकें। अपने दाहिनी नाक को अपने अंगूठे से धीरे से बंद करें, अपने बाईं नाक में सांस लें और इसे बंद करें। सांस को दाहिने नथुने से बाहर निकालें। फिर अपने दाएं से सांस लें और इसे बंद करके केवल अपने बाएं से सांस छोड़ें। इसे कई बार करें। त्राटक ध्यान अपने सामने एक कोई दीपक या लौ जलाएं। इसे आंख की सीध में रखें। इस लौ को स्वयं से उतनी दूरी पर रखें जितनी आपकी लंबाई है। उदाहरण के लिए आप 5 फीट के हैं तो 5 फीट की दूरी पर बैठें। बैठने के लिए कोई भी आरामदायक मुद्रा चुन सकते हैं। अब लौ की तरफ देखना शुरू करें और सारा ध्यान उस पर केंद्रित करें।



(सत्यानंद योग मिशन)

# खेल के क्षेत्र में युवाओं के सपनों को उड़ान देता सीसीएल

## विकास कच्छप के सफलता की कहानी

कुश्ती के अंडर -17 के कांस्य **पदक विजेता है श्री विकास कच्छप**




जो तूफानों में पलते जा रहे हैं
वही दुनिया बदलते जा रहे हैं
जिगर मुरादाबादी

उपरोक्त पंक्तियां संघर्ष से सफलता की महत्ता को रेखांकित कर रही है। श्रीमती सुखमनी तिर्की की कहानी इन शब्दों को चरितार्थ करती है।

रांची की चिलचिलाती धूप मे करंज टोली, बेड़ो गांव , रांची को रहने वाली सुखमनी तिर्की, जब वह मोरहाबादी में हॉकी स्टेडियम के स्टैंड पर सफाई कर रही थी, तो उनकी आँखों मे थकान और लाचारी साफ दिख रही थी ।बच्चों के भविष्य की चिंता उन्हे लगातार परेशान करती थी । कम उम्र में ही पति विष्णु कच्छप की मृत्यु के बाद चारों बच्चों के भरण-पोषण का भार सुखमनी ने उठाया था। सुखमनी ने हॉकी स्टेडियम में दिहाड़ी मजदूर के रूप मे काम करना शुरू कर दिया था ।इस थोड़े से आय से मुश्किल से पूरे परिवार का भरण पोषण मुश्किल से हो रहा था ।

लेकिन इस मेहनत और संघर्ष के बीच सुखमनी ने अपने दिल में एक सपना संजोए हुए था कि उसे अपने बच्चो को अपने जैसे मजदूर नहीं, बल्कि एक खिलाड़ी बनाना है । इस सपने को पूरा करने में उनकी आर्थिक और पारिवारिक स्थिति सामने आ रही थी । एक सफाईकर्मी के रूप में वह उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण ,आहार एवं अन्य सुविधाओं का खर्च कैसे उठा सकती थी? विकास के बचपन में ही उनके पिता विष्णु कच्छप की मृत्यु हो जाने के कारण ये मुहिम और भी दुष्कर प्रतीत होता था । ये सभी सवाल श्रीमती सुखमनी के दिमाग में लगातार गूंजते रहते थे।

एक दिन, श्रीमती सुखमनी के निराशा के अंधेरे को चीरती हुई आशा की एक किरण चमकी। उनके बड़े बेटे श्री अमन कच्छप को अचानक जेएसएसपीस से एक सुखद खबर मिली। जेएसएसपीएस एक ऐसी अकादमी है जो उभरते हुए एथलीटों को निःशुल्क पढ़ाई के साथ प्रशिक्षित करती है। सीसीएल और झारखंड सरकार की संयुक्त पहल ने उन्हें संघर्ष से बाहर निकलने का एक रास्ता दिखा दिया। श्रीमती सुखमनी ने इस उम्मीद को थामे रखा, जो उनकी गरीबी की खाई को पार करने और उनके बच्चों को यश अर्जित करने के लिए एक जीवन रेखा थी ।उन्हे पता लगा कि जेएसएसपीएस, रांची में चयन ट्रायल के माध्यम से होगा । उन्होने विकास और अंकित को ट्रायल के लिए प्रेरित करना शुरू कर दिया ।

समय भीषण थे, न केवल विकास और अंकित की प्रतिभा की परीक्षा, बल्कि श्रीमती सुखमनी के अटूट समर्थन की भी परीक्षा थी । चार भाई बहनों में श्री विकास सबसे छोटे थे । स्कूल के बाद अभ्यास में बिताया गया हर पल, उनके शरीर को ऊर्जा देने के लिए बचाए गए हर निवाले, उसके प्रबल प्रेम का प्रमाण थे। और फिर खुशी की खबर आई - दोनों लड़कों का जेएसएसपीएस , रांची के लिए चयन हो गया।

सुखमनी का दिल उत्साह और खुशी से भर गया। अकादमी ने प्रशिक्षण के माध्यम से उनके बच्चों को एक ऐसा भविष्य दिया, जिसकी वह कभी कल्पना भी नहीं कर सकती थी। कुश्ती के गलियारों मे विकास के सफलता की खबर गुजनें लगी, अब कुश्ती में विकास की बढ़ती प्रतिभा की खबर लगातार आते रहती थी। विकास अपने सपने को पूरा करने के लिए पिताजी के आशीर्वाद और अपनी माँ के संघर्ष से प्रेरित होकर सीसीएल द्वारा संचालित जेएसएसपीएस में अथक प्रशिक्षण लेता रहा।

अब समय बादल चुका था। विकास अपने हुनर और कुश्ती की प्रतिभा अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने के लिए तैयार था। फिर वह दिन आया, जिसने सुखमनी की आँखों में आँसू ला दिए - निराशा के नहीं, गर्व एवं खुशी के आँसू। श्री विकास ने जॉर्डन के ओम्मान मे चल रहे प्रतियोगिता में अंडर-17 कुश्ती , 48 किलोग्राम भार (स्टाइल ) में कांस्य पदक जीता था। एक पल के लिए दुनिया चमक उठी, स्टेडियम के धूल की जगह पदक की चमक ने ले ली और हमारा आपका तिरंगा विकास के सफलता के कारण नई ऊंचाइयों को लहराने लगा।

सुखमनी का सफर अभी खत्म नहीं हुआ था। चुनौतियाँ बनी रहीं, लेकिन अब एक उम्मीद थी, एक चमक जो एक स्थिर लौ में बदल गई थी। उनका बेटा एक सफल प्रसिद्ध पहलवान बन चुका है । एक माँ की अटूट भावना का प्रमाण था, जिसने मोरहाबादी , रांची स्थित हॉकी स्टेडियम के फर्श को दिहाड़ी मजदूर के रूप में साफ सफाई करते हुए भी बेहतर कल के लिए सपने देखने की हिम्मत की। मेहनत और ममत्व से उकेरी गई उनकी कहानी, सीमाओं को चुनौती देने वाले सपनों की शक्ति का प्रमाण थी। अब लोग उन्हे आगे बढ़कर बधाई देते है और कहते है कि आपका बेटा देश के लिए ओलंपिक पदक जरूर जीतेगा तो एक मां के आंखों में एक गर्व के साथ चमक साफ परिलक्षित होती है ।

सुखमनी अपने बेटे के सफलता का श्रेय सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड परिवार को देती है । वो कहती है कि सीसीएल के इस पहल एवं आशीर्वाद के बदौलत ही उनका बेटा देश और विदेश मे सफलता का झण्डा गाड़ रहा है । सीसीएल के जेएसएसपीएस ने एक माँ की तरह ही उनके बच्चे का ख्याल रखा । निःशुल्क पढ़ाई लिखाई से लेकर पोषणयुक्त खाने एवं उच्च स्तरीय प्रशिक्षण से लेकर श्री विकास के सर्वांगीण विकास का प्रबंध जेएसएसएसपीएस अकादमी ने किया ।

अकादमी में श्री विकास के कुश्ती के प्रशिक्षक श्री बबलू कुमार, श्री मधु तिर्की तथा श्री राजीव रंजन श्री विकास के मेहनत की तारीफ करते है । कई अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बतौर कोच भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले श्री बबलू कुमार,श्री मधु तिर्की और श्री राजीव रंजन श्री विकास के प्रशिक्षक है।जिनके कुशल प्रशिक्षण से विकास ने कुश्ती की दांव -पेंच में महारत हासिल किया।वो बताते है कि कुश्ती के साथ साथ श्री विकास पढ़ाई मे भी बहुत अच्छा है । प्रशिक्षकों का मानना है कि विकास अपने मेहनत,लगन और प्रतिभा से आने वाले दिनों में सीसीएल एवं देश का नाम रोशन करेंगे। श्री विकास की सफलता में इनके सभी प्रशिक्षकों और जेएसएसपीएस टीम का बहुत बड़ा योगदान रहा है। श्री विकास को उसके इस महती सफलता के लिए झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री सहित भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है ।

इतने उतार -चढ़ाव के बाद अब श्रीमती सुखमनी को आने वाले दिनों के गरिमामय होने का पूरा विश्वास है । सीसीएल की चर्चा करते हुए उनके मुख पर एक आभार का भाव पैदा होता है कि सीसीएल के ही प्रयास से श्री विकास ने बड़ी सफलता हासिल की है । सीसीएल के योगदान पर मुहर लगाते हुए वे कहती है कि उनकी ही तरह अनेक परिवारों के बच्चे इस अकादमी मे अपने सपने को आकार देने में लगे हुए है ।

सर्वविदित है कि झारखण्ड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसाईटी, (जेएसएसपीएस ), रांची जिसका संचालन सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड एवं झारखण्ड राज्य सरकार द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है, का मुख्य उद्देश्य झारखंड राज्य के प्रतिभावान बच्चों को एक मंच प्रदान करना है जिससे वे पढ़ाई के साथ साथ खेल में अपने को साबित कर सकें और राष्ट्र का नाम रोशन करते हुए देश के लिए राष्ट्रीय/अंतराष्ट्रीय पदक अर्जित कर सकें ।

गौरतलब है कि जेएसएसपीएस के कैडेट सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री निलेंदु कुमार सिंह के नेतृत्व में लगातार पदक प्राप्त कर रहे है और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर रहे है ।

सीसीएल परिवार की ओर से विकास कच्छप और उनके परिवार को बहुत बहुत शुभकामना ।

**नहीं फूलते कुसुम मात्र राजाओं के उपवन में,**
**अमित बार खिलते वे पुर से दूर कुञ्ज-कानन में।**
**समझे कौन रहस्य ?**
**प्रकृति का बड़ा अनोखा हाल,**
**गुदड़ी में रखती चुन-चुन कर बड़े कीमती लाल।**
**... दिनकर**

**संक्रमण का डर और छुट्टी का आनंद...**



साभार : कार्टून मूवमेंट

# पहले टी20 मैच में जिम्बाब्वे ने भारत को 13 रनों से हराया

एजेंसी

**हरारे।** पांच मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच में जिम्बाब्वे ने भारत को 13 रनों से हरा दिया। इस मुकाबले में भारतीय टीम का बल्लेबाजी क्रम पूरी तरह से फ्लॉप रहा। हैरानी की बात यह है कि टीम इंडिया पिछले सप्ताह ही दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप का खिताब जीती थी। अब उन्हें इस विश्व कप के लिए क्वालिफाई नहीं करने वाली टीम ने हराया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे ने क्लाइव मदांडे की 29 रनों की नाबाद पारी की बदौलत 20 ओवर में नौ विकेट पर 115 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 19.5 ओवर में 10 विकेट पर 102 रन ही बना सकी। गिल और सुंदर के अलावा कोई बल्लेबाज नहीं चला। इस जीत के साथ जिम्बाब्वे ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। नौ मैचों में यह भारत की जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरी हार है।



### आइपीएल के स्टार जिम्बाब्वे के खिलाफ फ्लॉप

इस मुकाबले में टीम इंडिया के लिए डेब्यू करने वाले तीनों बल्लेबाज फ्लॉप साबित हुए। जिम्बाब्वे के खिलाफ अभिषेक शर्मा बिना खाता खोले आउट हुए। वहीं, रियान पराग और ध्रुव जुरेल भी कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए। इन तीनों खिलाड़ियों ने आइपीएल 2024 में अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया था। हालांकि, डेब्यू मुकाबले में तीनों का बल्ला खामोश रहा।

### भारतीय बल्लेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी और टीम ने पहले ही ओवर में अभिषेक शर्मा का विकेट गंवा दिया था। अभिषेक चार गेंद खेल खाता खोले बिना आउट हुए। इसके बाद विकेटों का सिलसिला जारी रहा। शुभमन गिल और वाशिंगटन सुंदर के अलावा किसी का बल्ला नहीं चला। कप्तान ने पहले मैच में पांच चौकों की मदद से 31 रन बनाए। वहीं, सुंदर ने एक चौके और एक छक्के की मदद से 27 रन बनाए। इस मैच में गायकवाड़ सात, पराग दो, रिंकू सिंह शून्य, जुरेल छह, बिश्नोई नौ, आवेश 16, मुकेश शून्य रन बनाए। वहीं, खलील बिना खाता खोले नाबाद रहे। जिम्बाब्वे के लिए चतारा और कप्तान रजा ने तीन-तीन विकेट लिए जबकि बेनेट, वेलिंग्टन, मुजरबानी और ल्यूक को एक-एक विकेट मिला।



### भारतीय गेंदबाजों ने बरपाया कहर


लेग स्पिनर रवि बिश्नोई की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने दबदबा बनाते हुए बिश्नोई (13 रन देकर चार विकेट) को ऑफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर (11 रन देकर दो विकेट) का अच्छा साथ मिला जिससे जिम्बाब्वे की टीम बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद कोई मजबूत साझेदारी करने में जूझती नजर आई। जिम्बाब्वे ने हालांकि तेज शुरूआत की और पावरप्ले में उसने दो विकेट पर 40 रन बना लिए थे। काया के मुकेश कुमार की गेंद पर आउट होने के बाद वेस्ले मधवेरे (21 रन) और ब्रायन बेनेट (22 रन) ने तेजी से 34 रन जोड़े। इन दोनों ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद पर पांचवें ओवर में 17 रन जुटाए। बेनेट ने इसमें लगातार दो चौके जड़े जिससे ऐसा लग रहा था कि जिम्बाब्वे शुरूआती झटके से उबर रहा है। हालांकि, छठे ओवर में बिश्नोई ने बेनेट को अपनी गुगली पर आउट कर जिम्बाब्वे की पारी का रुख ही बदल दिया। फिर जिम्बाब्वे के तीन और बल्लेबाज पवेलियन लौट गये जिसमें मधवेरे के अलावा ब्लेसिंग मुजरबानी और ल्यूक जोंगवे शामिल थे। कप्तान सिकंदर रजा (17 रन) के संयम से टीम ने संभलने की कोशिश की लेकिन लय खोने के कारण 41 रन पर छह विकेट गंवा बैठी। जोनाथन कैंपबेल (शून्य) आवेश खान की गेंद को कवर्स की ओर भेजकर एक रन लेना चाहते थे और उनके साथी डियोन मायर्स भी तैयार थे। लेकिन कैंपबेल अचानक मन बदलकर रूक गए और रन आउट हो गए।

### सुंदर ने टी20 में 100 विकेट पूरे किए

वाशिंगटन ने लगातार दो गेंदों पर दो विकेट झटके। उन्होंने मायर्स (23 रन) और वेलिंगटन मास्काद्जा (शून्य) को पवेलियन भेजा। तमिलनाडु के इस गेंदबाज ने इस तरह टी20 में अपने 100 विकेट भी पूरे किए। क्लाइव मदांडे के नाबाद 29 रन की बदौलत जिम्बाब्वे 100 रन का आंकड़ा पार कर पाई।

## अभिषेक के नाम दर्ज हुआ शर्मनाक रिकॉर्ड पदार्पण पर रियान और जुरेल भी हुए फ्लॉप

जिंबाब्वे के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय में पदार्पण करने वाले अभिषेक शर्मा के नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। आईपीएल 2024 में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले अभिषेक जिंबाब्वे के खिलाफ खाता खोले बिना आउट हुए और भारत के लिए पहले ही मैच में प्रभावित नहीं कर सके। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने टीम में तीन नए चेहरों को शामिल किया था जिसमे अभिषेक शर्मा, रियान पराग और ध्रुव जुरेल शामिल थे, लेकिन ये तीनों ही खिलाड़ी अपने पहले मैच में फ्लॉप साबित हुए।



### डेब्यू में शून्य पर आउट होने वाले चौथे भारतीय

जिंबाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 115 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी और टीम ने पहले ही ओवर में अभिषेक शर्मा का विकेट गंवा दिया था। अभिषेक चार गेंद खेल खाता खोले बिना आउट हुए। अभिषेक चौथे भारतीय बल्लेबाज हैं जो टी20 अंतरराष्ट्रीय के पहले मुकाबले में शून्य पर आउट हुए। अभिषेक से पहले महेंद्र सिंह धोनी, केएल राहुल और पृथ्वी शॉ के नाम यह अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज था।

### रियान और जुरेल भी रहे असफल

अभिषेक की तरह ही रियान पराग और ध्रुव जुरेल ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के लिए पदार्पण किया था। ध्रुव जुरेल को इस साल की शुरूआत में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान खेल के सबसे लंबे प्रारूप में डेब्यू का मौका मिला था, लेकिन सीमित ओवरों के लिए उन्हें पहली बार भारत के लिए खेलने का मौका मिला था। रियान जहां तीन गेंदों पर दो रन बनाकर आउट हुए, जबकि जुरेल 14 गेंद खेलकर सात रन बनाकर पवेलियन लौटे।

## सदस्य इकाइयों से डाउनलोड होंगे खिलाड़ियों के पहचानपत्र: हॉकी इंडिया



**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया की ई-गवर्नेंस की एक महत्वपूर्ण पहल के तहत अब खिलाड़ी सदस्य इकाइयों के पोर्टल से सीधे अपने पहचान पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। हॉकी इंडिया ने आज खिलाड़ियों के लिए डिजिटल पहचान पत्र को जारी करने की प्रणाली शुरूआत कर दी है। यह नई प्रणाली पहचान पत्र जारी करने की प्रक्रिया को सरल बनाती है। यह कई प्रमुख सुविधाये प्रदान करती है। पंजीकरण और अनुमोदन प्रक्रिया में सदस्य इकाई पोर्टल पर खिलाड़ी पंजीकरण, सभी आवश्यक व्यक्तिगत विवरण तथा दस्तावेज प्रस्तुत करना, सदस्य इकाई द्वारा प्रोफाइल की समीक्षा, हॉकी इंडिया को स्वीकृत प्रोफाइल प्रस्तुत करना, हॉकी इंडिया द्वारा अंतिम समीक्षा और अनुमोदन तथा आखिर में खिलाड़ियों को सदस्य इकाई पोर्टल पर अपना विवरण दर्ज करके सीधे अपना डिजिटल आईडी कार्ड डाउनलोड करने की क्षमता शामिल है।

## फ्रांस और पुर्तगाल पहुंचा सेमीफाइनल में

**हैम्बर्ग।** यूरोकप 2024 टूनार्मेंट के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में फ्रांस ने पेनल्टी शूटाआउट में पुर्तगाल को 5-3 से और स्पेन ने जर्मनी को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। वोक्सपार्क स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गये मैच में किलियन एमबाप्पे की अगुवाई वाली फ्रांस ने क्रिस्टयानो रोनाल्डो की पुर्तगाल टीम को यूरोकप 2024 के क्वार्टर फाइनल के पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराया। मैच के दौरान स्पेन और पुर्तगाल की टीमे निर्धारित समय में गोल नहीं कर सकी। इसके बाद पेनाल्टी शूटआउट खेला गया। पेनाल्टी शूटआउट में फ्रांस ने पांच गोल दागे, जबकि पुर्तगाली टीम तीन गोल ही कर सकी। वहीं एक अन्य क्वार्टरफाइनल मुकाबले में स्पेन ने मेजबान जर्मनी को 2-1 से हराकर बाहर कर दिया। पहले हाफ में स्पेन और जर्मनी की टीमें कोई गोल नहीं कर सकी। दूसरे हाफ के 51वें मिनट में डेनी ओलमो ने लामिने यमाल के सहयोग से गोल कर स्पेन को 1-0 से बढ़त दिलाई। मैच के 89वें मिनट में जर्मनी के फ्लोरियन विट्र्ज ने जोशुआ किमिच के पास पर गोल कर स्कोर को 1-1 बराबर कर दिया। 119वें मिनट में ओलमो के सहयोग से मिकेल मेरिनो ने हेडर से गोल कर स्पेन को 2-1 से जीत दिला दी। स्पेन की टीम लगातार दूसरी बार सेमीफाइनल में पहुंची है।

## भांबरी और ओलिवेट्टी की जोड़ी विंबलडन के युगल मुकाबले में हारी

**लंदन।** भारत के यूकी भांबरी और उनके फ्रांसीसी जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेट्टी को जर्मनी के केविन क्राविएट्ज और टिम पुएट्ज की जोड़ी से विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप के पुरुष युगल मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है। दूसरे दौर में भांबरी और ओलिवेट्टी की जोड़ी ने शानदार शुरूआत करते हुए पहला सेट जीता लेकिन इसके बाद वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए और क्राविएट्ज और पुएट्ज की जर्मन जोड़ी से दो घंटे पांच मिनट तक चले मुकाबले में 6-4 4-6 3-6 से हार गए।

## किशोर जेना, अविनाश साबले पेरिस डायमंड लीग में लेंगे हिस्सा

**नयी दिल्ली।** 2024 वांडा डायमंड लीग की आठवीं मीट रविवार को फ्रांस के पेरिस के चालेर्टी स्टेडियम में होने वाली है। प्रीमियर ट्रैक-एंड-फील्ड मीट में पेरिस 2024 के लिए क्वालीफाई कर चुके किशोर जेना और अविनाश साबले भाग लेंगे। जेना पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में एंडरसन पीटर्स (ग्रेनाडा), टोक्यो 2020 रजत पदक विजेता जैकब वडलेज (चेक गणराज्य), जूलियन वेबर (जर्मनी) और अरशद नदीम (पाकिस्तान) जैसे खिलाड़ियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे। अविनाश साबले पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज में 17 धावकों के साथ मजबूत प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे, जिसमें साइमन किप्रॉप कोच (केन्या), अब्राहम किबिवोट (केन्या), रयुजी मिउरा (जापान) और डैनियल आर्से (स्पेन) जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

## राजावत ने किया उलटफेर, कनाडा ओपन के सेफा में पहुंचे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने बड़ा उलटफेर करते हुए दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को हराया। राजावत ने एंटोनसेन को हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। राजावत शानदार लय में दिख रहे हैं और उन्होंने अपना प्रदर्शन इस शीर्ष वरीय खिलाड़ी के खिलाफ भी जारी रखा और कनाडा ओपन बैडमिंटन टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व में 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने एक घंटे 19 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में एंटोनसेन को 21-11, 17-21, 21-19 से हराया। यह पहला अवसर है जब इस 22 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने शीर्ष 10 में शामिल किसी खिलाड़ी को हराया। राजावत दूसरी बार विश्व टूर सुपर 500 टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं जहां उनका सामना फ्रांस के अलेक्स लेनियर से होगा। राजावत ने अच्छी शुरूआत की तथा पहले गेम में एक समय वह 7-4 से आगे थे। एंटोनसेन ने हालांकि जल्द ही स्कोर 9-9 से बराबर कर दिया। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद लगातार पांच अंक बनाए। एंटोनसेन ने फिर वापसी की कोशिश की, लेकिन राजावत ने लगातार सात अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम कर दिया। एंटोनसेन ने दूसरे गेम में जबरदस्त वापसी की, लेकिन राजावत ने उन्हें कड़ी चुनौती दी। एक समय स्कोर 17-17 तक बराबरी पर था लेकिन डेनमार्क के खिलाड़ी ने लगातार चार अंक बनाकर मैच को निर्णायक गेम तक खींच दिया। तीसरे गेम में राजावत एक समय 5-1 से आगे थे लेकिन एंटोनसेन इंटरवल तक 11-10 मामूली बढ़त हासिल करने में सफल रहे। इसके बाद दोनों खिलाड़ियों ने एक दूसरे को कड़ी चुनौती दी, लेकिन राजावत ने 19-19 के स्कोर पर लगातार दो अंक बनाकर मैच अपने नाम कर दिया। राजावत ने इससे पहले भी अपने से बेहतर रैंकिंग वाले खिलाड़ियों को हराया था। उन्होंने डेनमार्क के विश्व में 24वें नंबर के खिलाड़ी रासमस गेम्के और 33वें स्थान पर काबिज जापान के ताकुमा ओबैयाशी को पराजित करके क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला डबल्स जोड़ी हालांकि क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई। त्रीसा-गायत्री की जोड़ी तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी चीनी ताइपे के पेई शान हसीह और एन-त्जु हंग से 18-21 21-19 16-21 से हार गई।



## भारत ने एशियन डबल्स के फाइनल में बनायी जगह

एजेंसी

**जोहोर (मलेशिया)।** शीर्ष भारतीय स्टार अभय सिंह रविवार को मलेशिया के जोहोर में एशियाई युगल स्क्वैश चैंपियनशिप के दो फाइनल में भाग लेंगे। शनिवार को, वह और वेलावन सेंथिलकुमार, शीर्ष वरीय, ने अंतिम चार चरण में 23 मिनट में टोमोटाका एंडो और नाओकी हयाशी की जापानी जोड़ी पर 11-9, 11-2 की शानदार जीत के साथ पुरुष युगल के खिताबी दौर में प्रवेश किया। बाद में, एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय और तीसरी वरीयता प्राप्त अनुभवी जोशना चिनप्पा ने मिश्रित युगल सेमीफाइनल में हांगकांग के चेंग नगा चिंग और लाई चेउक नाम मैथ्यू की जोड़ी को 11-8, 11-10 से हराया। अभय ने कहा, मैं दोनों फाइनल में पहुंचकर बहुत खुश हूं, यहां आने से पहले दो स्वर्ण पदक जीतना हमारा लक्ष्य था, इसलिए हमारा ध्यान कल पर केंद्रित है। उन्होंने कहा, 'पुरुषों का मैच 2-0 से आरामदायक था जबकि मिश्रित मैच थोड़ा चुनौतीपूर्ण था, लेकिन फिर भी बिना कोई गेम गंवाए जीत हासिल करके खुशी हुई। एशियाई चैंपियनशिप के एक और फाइनल में होना सम्मान की बात है, मैं उन दोनों फाइनल के लिए उत्सुक हूं। मिश्रित युगल खिताब के लिए अभय और जोशना का मुकाबला दूसरी वरीयता प्राप्त हांगकांग के टोंग त्ज विंग और तांग मिंग होंग से होगा और पुरुष युगल फाइनल में अभय और वेलावन का मुकाबला दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया के ओंग साई हंग और सयाफिक कमल से होगा। एसआरएफआइ के महासचिव साइरस पोंचा ने कहा, फाइनल में पहुंचने के लिए दोनों जोड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। एक बार जब एशियाई चैंपियनशिप की घोषणा की गई तो स्क्वैश रैकेट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसआरएफआइ) ने हमारे रणनीतिक साझेदार एचसीएल के साथ मिलकर राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित की, जहां से जोड़ियों का चयन किया गया।



# ओलंपिक में नीरज, सिंधू और सात्विक-चिराग से पदक की उम्मीद

**पेरिस ओलंपिक 2024**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक को शुरू होने में अब ज्यादा दिन शेष नहीं रह गया है और भारतीय एथलीटों ने इसके लिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। भारतीय दल ने टोक्यो ओलंपिक में दमदार प्रदर्शन किया था और एक स्वर्ण सहित कुल सात पदक जीते थे। भारत को एक बार फिर इन खिलाड़ियों से खेल के महाकुंभ कहे जाने वाले ओलंपिक खेलों में बेहतर प्रदर्शन करनी की उम्मीद रहेगी। पेरिस ओलंपिक का आयोजन 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होगा और इसके लिए भारत 100 से अधिक खिलाड़ियों का दल भेजेगा। ओलंपिक से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारतीय खिलाड़ियों से चर्चा की थी। उन्होंने नीरज चोपड़ा, निकहत जरीन और पीवी सिंधू जैसे शीर्ष खिलाड़ियों से चर्चा की थी और उन्हें पेरिस खेलों के लिए शुभकामनाएं दी थी। भारत के लिए नीरज चोपड़ा पदक जीतने के प्रबल दावेदार हैं, लेकिन कुछ अन्य खिलाड़ी भी हैं जिनसे पेरिस में तिरंगा लहराने की उम्मीद रहेगी।

### पुरुष हॉकी टीम पदक का रंग बदलने के लिए बेकरार




भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा था। उस वक्त टीम ने लंबे अंतराल के बाद ओलंपिक खेलों में कोई पदक जीता था। इस बार टीम की नजरें पदक का रंग बदलने की होगी। भारत ने 1928, 1932, 1936, 1948, 1952, 1964, 1980 में ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था, जबकि उसने 1960 में रजत पदक और 1968, 1972 और 2020 खेलों में कांस्य पदक अपने नाम किया था। भारतीय पुरुष हॉकी टीम की कोशिश ओलंपिक में स्वर्ण का सूखा समाप्त करने पर टिकी होगी। पुरुष हॉकी टीम का पिछले कुछ वर्षों में प्रदर्शन सराहनीय रहा है और उसने हांगझू एशियाई खेलों में भी प्रभावित किया था।

### लगातार दूसरा स्वर्ण जीतना चाहेंगे नीरज




विश्व चैंपियन भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा भारत की सबसे बड़ी पदक उम्मीद हैं। नीरज का प्रदर्शन टोक्यो के बाद संतुलित रहा है और उन्होंने अपने प्रदर्शन में सुधार लाने के लिए हर संभव प्रयास किया है। नीरज ने हाल ही में पावो नूरमी खेलों में स्वर्ण पदक जीता था जो यह दशार्ता है कि नीरज अच्छी लय में दिख रहे हैं। नीरज ने पिछले साल एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। नीरज हालांकि जांघ की मांसेशियों में खिंचाव से जूझ रहे हैं और इस कारण उन्होंने रविवार को होने वाले पेरिस डायमंड लीग में भी हिस्सा नहीं लिया था। नीरज अगर पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे तो वो ऐसा करने वाले पहले भारतीय होंगे।

### हैट्रिक लगाने उतरेंगी सिंधू



भारत के चुनिंदा एथलीटों ने ही ओलंपिक में दो पदक जीते हैं और भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू उनमे से एक हैं। सिंधू ने 2016 रियो ओलंपिक में रजत पदक जीता था, जबकि टोक्यो में कांस्य पदक अपने नाम करने में सफल रही थीं। सिंधू की नजरें ओलंपिक खेलों में पदक की हैट्रिक लगाने पर टिकी होंगी। अगर वह ऐसा करने में सफल रहीं तो भारत की सबसे सफल खिलाड़ी बन जाएंगे जिसने लगातार तीन ओलंपिक पदक जीते हैं। सिंधू का प्रदर्शन हाल के दिनों में ज्यादा बेहतर नहीं रहा है, लेकिन उम्मीद है कि वह पेरिस में तिरंगा फहराने में सफल रहेंगी।

### विनेश फोगाट से पदक की उम्मीद



पिछले कुछ वर्ष भारतीय पहलवानी के लिए अच्छे नहीं रहे हैं, लेकिन महिलाओं के वर्ग में विनेश फोगाट ओलंपिक में पदक जीतने की प्रबल दावेदार मानी जा रही हैं। टोक्यो ओलंपिक में रवि दहिया और बजरंग पूनिया ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक अपने नाम किए थे। विनेश उन पहलवानों में शामिल थीं जिन्होंने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआइ) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन किया था। विनेश टोक्यो ओलंपिक के लिए भी गई थीं, लेकिन पदक अपने नाम करने में विफल रही थीं।



### सात्विक-चिराग की जोड़ी से रहेंगी उम्मीदें

सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष डबल्स जोड़ी पिछले कुछ समय से शानदार फॉर्म में चल रही है और इन्होंने एक साथ कई सफलताएं हासिल की हैं। सात्विक-चिराग की जोड़ी ने पिछले साल एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था और एक बार फिर उनसे ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। सात्विक-चिराग की जोड़ी टोक्यो ओलंपिक में प्रभावित नहीं कर सकी थी।



### लवलीना-निकहत मुक्केबाजी में दिला सकते हैं सफलता

टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहाई तथा दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन पर मुक्केबाजी में भारत को पदक दिलाने का जिम्मा रहेगा। लवलीना ने टोक्यो में शानदार प्रदर्शन किया था, लेकिन वह स्वर्ण पदक से चूक गई थीं। लवलीना की कोशिश होगी कि इस बार वह अपने पदक के रंग को बदलें। वहीं, निकहत भी ओलंपिक जैसे बड़े मंच पर खुद को साबित करना चाहेंगी। फिलहाल निकहत जर्मनी में अभ्यास कर रही हैं।

